प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा– प्रदेश को नशा मुक्त बनाने में सामाजिक संगठन और ग्राम पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका।
- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने रामपुर में 10 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित जल शक्ति विभाग की विभिन्न परियोजनाओं का किया लोकार्पण।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पूर्व सरकार के कार्यक्रम जनमंच को लेकर कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों का किया खंडन।
- जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ में शहीद हुए मंडी ज़िले के नायब सूबेदार राकेश कुमार को पूरे राजकीय व सैन्य सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि सामाजिक संगठन और ग्राम पंचायतें प्रदेश को नशामुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। राज्यपाल ने आज शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थिएटर में सुनील उपाध्याय एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा हिमाचल में नशा सेवन की लत में वृद्धि–समस्या और समाधान विषय पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा कि नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों को बेनकाब किया जाना चाहिए और नशे की मांग पर अंकुश लगाया जाना बेहद ज़रूरी है। राज्यपाल ने कहा कि सरकार अपने स्तर पर कार्य कर रही है लेकिन लोगों को भी इसके प्रति जागरूक होना होगा। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि जब से वे हिमाचल के राज्यपाल बने हैं तब से नशे के विरूद्ध काम कर रहे हैं लेकिन अभी तक पूर्णतः सफलता नहीं मिली है। राज्यपाल ने सुझाव दिया कि सरकार को अपने स्तर पर नशा निवारण केन्द्र खोलने चाहिए। इस दौरान मुख्य वक्ता ओ.पी शर्मा ने कहा कि नशा आज समाज में गंभीर रूप ले चुका है और मादक पदार्थ राज्य के दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने प्रदेश में एकीकृत नशा निवारण नीति लागू करने पर बल दिया

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय शिमला में 7वें राज्य वित्तायोग के अध्यक्ष नन्दलाल का कुशल–क्षेम जाना। नन्दलाल अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रहे

हैं। मुख्यमंत्री ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। बाद में मुख्यमंत्री ने अस्पताल में दी जा रही विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं का निरीक्षण भी किया। उन्होंने नवनिर्मित ट्रॉमा वार्ड में मरीजों से बातचीत करते हुए उन्हें उपलब्ध करवाए जा रहे भोजन की गुणवत्ता और चिकित्सकों व नर्सों से मिल रहे स्वास्थ्य उपचार के बारे में जानकारी प्राप्त की। नर्सों के साथ संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखते हुए चिकित्सकों, नर्सों और मरीजों के अनुपात के दृष्टिगत चिकित्सकों व नर्सों की भर्ती कर रही है।

<u>मुकेश अग्निहोत्री</u>

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज शिमला ज़िला के रामपुर बुशहर में लगभग 10 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित जलशक्ति विभाग की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रामपुर में जल शक्ति विभाग एक सौ 29 करोड़ रूपए की एक सौ 2 परियोजनाएं तैयार कर रहा है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा 3 सौ 27 करोड़ रुपये की लागत से इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जाएगी। इसके अतिरिक्त, विभाग वॉल्वो बसों का सारा फ्लीट भी बदलने जा रहा हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि एचआरटीसी में कर्मचारियों को वेतन और पेंशन दोनों समय पर दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि निगम जल्द ही 9 करोड़ रूपए का मेडिकल बकाया अपने कर्मियों को देने जा रहा हैं। इसके अतिरिक्त, लगभग 100 करोड़ रूपए का नाईट अलाउंस भी कर्मियों को 2 हिस्सों में दिया जायेगा जिसमे 50 करोड़ रुपए की अदाएगी इसी वर्ष कर दी जाएगी। बाद में उप मुख्यमंत्री ने रामपुर मेला मैदान में अंतरराष्ट्रीय लवी मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

<u>चंद्रकुमार</u>

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्रकुमार ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने अपनी पांच गारंटियां दो साल से कम कार्यकाल में पूरी कर ली हैं और अन्य गारंटियों को भी चरणबद्ध ढंग से पूरा किया जाएगा। उन्होंने आज ज्वाली में जनसमस्याएं सुनने के मौके पर ये बात कही। चंद्र कुमार ने कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार प्राकृतिक खेती से तैयार गेंहू को न्यूनतम समर्थन मूल्य 40 रुपये प्रति किलो जबकि मक्की को 30 रुपये प्रति किलो की दर से खरीद रही है। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं और फलैगशिप कार्यक्रमो को लोगों तक पहुंचाने के लिए गांव स्तर पर प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए।

<u>जगत सिंह नेगी</u>

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश सहित जनजातीय ज़िलों का समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्प है। उन्होंने आज किन्नौर ज़िले में कल्पा की ब्रुआ खड्ड पर बने पुल का उद्घाटन और ब्रुआ कंडा सम्पर्क सड़क का शिलान्यास किया। जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य सहित समाज के उपेक्षित वर्गों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत्त है।

<u>जयराम ठाकुर</u>

पूर्व भाजपा सरकार के समय में चले जनमंच कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस सरकार की तरफ से लगाए गए आरोपों पर पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने तीखा पलटवार किया है। मंडी में आज पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में जयराम ठाकुर ने कहा कि उनकी सरकार में जो जनमंच कार्यक्रम चला था वो जनता की समस्याओं के समाधान का मंच था। ——बाईट——जयराम ठाकुर——

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस सरकार के हर विभाग में भ्रष्टाचार व्याप्त है जिसकी सरकार कोई जांच नहीं करवा रही है।

<u>शहीद</u>

जम्मू—कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकियों से मुठभेड़ में शहीद हुए नाचन विधानसभा क्षेत्र की छम्यार पंचायत के बरनोग गांव के नायब सूबेदार राकेश कुमार का आज पूरे राजकीय व सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। शहीद जवान की पार्थिव देह आज सुबह उनके गांव बरनोग पहुंची जहां परिवारजनों, विभिन्न जन प्रतिनिधियों, प्रशासनिक, पुलिस व सैन्य अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस बीच राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शहीद नायब सूबेदार राकेश कुमार की शहादत पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के लिए नायब सूबेदार राकेश कुमार का सर्वोच्च बलिदान सदैव याद रखा जाएगा। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी नाचन विधानसभा क्षेत्र की छम्यार पंचायत के बरनोग गांव के नायब सूबेदार राकेश कुमार की शहादत पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि देश के लिए राकेश कुमार का सर्वोच्च बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा।

<u>यादविंदर गोमा</u>

आयुष, युवा सेवाएं व खेल मंत्री यादविंदर गोमा ने आज कांगड़ा ज़िला के पंचरूखी में लोक निर्माण व जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ विभिन्न विकास योजनाओं के कार्यों को लेकर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर गोमा ने कहा कि लोक निर्माण विभाग के तहत लगभग 50 करोड़ रूपये की लागत से सड़क व भवन के निर्माण कार्य प्रगति पर है। यादविंदर गोमा ने अधिकारियों को विकास कार्यों में तेज़ी लाने के निर्देश दिए ताकि आम लोगों को इनका समय पर लाभ मिल सके।

भाजपा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर अपने करीब दो वर्ष के कार्यकाल में 15 सौ संस्थानों को बंद करने और 26 हज़ार करोड़ रूपये का कर्ज़ लेने का आरोप लगाया है। शिमला से जारी एक बयान में बिंदल ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश की जनता को कोई भी राहत नहीं दी है और इसके विपरीत लोगों पर नए–नए टैक्स का बोझ बढ़ाया जा रहा है। इस बीच पूर्व मंत्री व विधायक बिक्रम ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस सरकार असल मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में उद्योगपति जहां प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के लिए आकर्षित हुए वहीं कांग्रेस सरकार ने महंगी बिजली व सुविधाएं न मिलने के कारण बहुत से उद्योग हिमाचल से पलायन कर गए हैं। बिक्रम ठाकुर ने कांग्रेस नेताओं को भाजपा पर निराधार आरोप लगाने के बजाए अपने कार्यों में सुधार करने और जनता की समस्याओं पर ध्यान देने की सलाह भी दी।

पैंशनर

हिमाचल पथ परिवहन निगम के पैंशनरों ने समय पर पैंशन न मिलने और लंबित पड़े भत्तों की मांग को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ आज शिमला के तारादेवी स्थित वर्कशॉप में विरोध प्रदर्शन किया। निगम के पैंशनर कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार ने परिवहन निगम के कर्मचारियों और पैंशनरों को 28 अक्तूबर को वेतन, पैंशन, डीए बढ़ौतरी के साथ देने का निर्णय लिया था लेकिन इस घोषणा के बाद भी पैंशनरों को दीपावली से पहले पैंशन नहीं मिल पाई। उन्होंने कहा कि सरकार के पास सेवानिवृत कर्मचारियों की करोड़ों रूपये की देनदारियां लंबित पड़ी हैं। राजेन्द्र ठाकुर ने कहा कि सरकार के खिलाफ ये जनजागरण अभियान तब तक चलता रहेगा जबतक उनकी देनदारियों की अदायगी नहीं हो जाती।

मुख्य समाचार एक बार फिर'

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा– प्रदेश को नशा मुक्त बनाने में सामाजिक संगठन और ग्राम पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका।
- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने रामपुर में 10 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित जल शक्ति विभाग की विभिन्न परियोजनाओं का किया लोकार्पण।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पूर्व सरकार के कार्यक्रम जनमंच को लेकर कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों का किया खंडन।
- जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ में शहीद हुए मंडी ज़िले के नायब सूबेदार राकेश कुमार को पूरे राजकीय व सैन्य सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ–नमस्कार।